In the NEWS

Reliance Life Insurance

Publication: **Rashtriya Sahara** | Region: **Delhi** | Date: **18/08/2015** | Page No.: **12**

रिलायंस लाइफ ने नई बीमा योजना पेश की

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल की इकाई रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सोमवार को एक नया उत्पाद 'बढ़ती आय बीमा योजना' पेश की। इसके तहत सुनिश्चित मासिक आय का विकल्प दिया जाता है। कंपनी के बयान में कहा गया है कि इस योजना के तहत प्रीमियम भुगतान अवधि समाप्त होने के बाद दीर्घकालिक नियमित मासिक आय की पेशकश की जाती है। दो विकल्पों में यह आय क्रमशः तीन व छह फीसद बढ़ जाती है। कंपनी के प्रमुख एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने कहा, 'हमने यह योजना इस तरह से तैयार की है कि यह दीर्घकालिक आय उपलब्ध कराएगी जो हर साल बढ़ेगी।' ***(भाषा)***